एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)

Great Place To Work. Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय

संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

भारत सरकार गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा पूर्व, पूर्वोत्तर, उत्तर-1 एवं उत्तर-2 क्षेत्रों के लिए एक दिवसीय संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 20 फरवरी 2026 को अगरतला, त्रिपुरा में किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने की। सम्मेलन में वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व, पूर्वोत्तर, उत्तर-1 एवं उत्तर-2 के राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों को 'क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार' तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को पुरस्कृत किया गया।

इस सम्मेलन में निगम की ओर से निदेशक कार्मिक श्री उत्तम लाल, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक सलाल पावर स्टेशन श्री अनीश गौराहा, महाप्रबंधक (जनसंपर्क)-राजभाषा व सदस्य सचिव, नराकास (का.), फ़रीदाबाद श्री संजीव कुमार तथा अन्य राजभाषा अधिकारियों/ समन्वयकों द्वारा प्रतिभागिता की गई।

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड के सलाल पावर स्टेशन को 'ग' क्षेत्र स्थित उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **प्रथम पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के कर कमलों से श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) तथा श्री अनीश गौराहा, कार्यपालक निदेशक, सलाल पावर स्टेशन द्वारा ग्रहण किया गया।

इसके साथ ही, एनएचपीसी लिमिटेड की अध्यक्षता में संचालित नराकास (का.), फरीदाबाद को वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए उत्तर क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में 'नराकास राजभाषा सम्मान' श्रेणी में **द्वितीय पुरस्कार** प्राप्त हुआ है। माननीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार के कर कमलों से विजेता नराकास अध्यक्ष कार्यालयों को पुरस्कार शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नराकास (का.) फरीदाबाद के अध्यक्ष की ओर से पुरस्कार शील्ड व प्रमाण पत्र श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) तथा श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) द्वारा ग्रहण किया गया।

इसके अतिरिक्त, सलाल पावर स्टेशन की अध्यक्षता में संचालित नराकास, रियासी को **द्वितीय पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार माननीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार के कर कमलों से श्री संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक (मा.सं.) तथा श्री कुलदीप कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री (प्रो.) डॉ. मणिक साहा, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार, माननीय सांसद त्रिपुरा (पश्चिम) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र श्री बिपलब कुमार देब, माननीय सांसद त्रिपुरा (पूर्व) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र महारानी श्रीमती कृति देवी देबबर्मन, माननीय राज्य सभा सांसद श्री राजीव भट्टाचार्य तथा सचिव, राजभाषा विभाग श्रीमती अंशुली आर्या उपस्थित रहे। सम्मेलन में देश भर से तीन हजार से अधिक हिंदी सेवियों ने प्रतिभागिता की।

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)

राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय

राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय